हरिभूमि
# कांकेर भूमि
रायपुर, रविवार 25 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

09 ग्रामीणों को बैंकिंग योजनाओं की मिली...



10 राज्य प्रो-कबड्डी प्रतियोगिता में गोंडवाना



भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा




## खबर संक्षेप



### बस्तर ओलंपिक 26 के लिए पंजीयन 30 तक

**दुर्गूकोंदल।** बस्तर ओलंपिक 2026 के तहत दुर्गूकोंदल विकासखंड में 3 और 4 नवंबर को उन्मुक्त खेल मैदान में प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। 3 नवंबर को जूनियर तथा 4 नवंबर को सीनियर वर्ग के मुकाबले होंगे। प्रतियोगिता में 11 खेल विधाओं के अंतर्गत खिलाड़ियों को प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। इच्छुक खिलाड़ी 30 अक्टूबर तक आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीयन करा सकते हैं। जनपद पंचायत सीईओ बेनुराम सुखदेवे ने क्षेत्र के खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

### जहर खाने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीवी 21 दुर्गापुर निवासी रोहन राय पिता ताराशंकर राय का 23 अक्टूबर को मौत हो गया। सिविल अस्पताल पखांजुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नारायणपुर में आज होगा दशहरा उत्सव

**भानुप्रतापपुर।** ग्राम नारायणपुर में रविवार को समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में आसपास के गांवों के ग्रामीणों को भी आमंत्रित किया गया है। आयोजन के दौरान रात्रि 8 बजे से छत्तीसगढ़ी लोक रिकॉर्डिंग डांस परिवार ग्राम मंडरी जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी के कलाकारों द्वारा कारी सांवरिया कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर दशहरा उत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का आज पथ संचलन

**कांकेर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयादशमी उत्सव के अवसर पर आज रविवार 25 अक्टूबर को कांकेर नगर में पथ संचलन का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण दोपहर 2:30 बजे नरहरदेव मैदान में होगा। पथ संचलन के बाद मिनी स्टेडियम में कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजकों ने स्वयंसेवकों से निर्धारित समय से 10 मिनट पहले पहुंचने की अपील की है। कार्यक्रम में काली टोपी, सफेद कमीज, पूरी बांह की खाकी वर्दी, बेल्ट, काले मोजे, काले जूते और दंड लाना अनिवार्य बताया गया है।

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 28 को

**कांकेर।** जिला पंचायत कांकेर की सामान्य सभा की बैठक 28 अक्टूबर बुधवार को आयोजित की जाएगी। बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में पूर्वान्ह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में संपन्न होगी। बैठक में निर्धारित एजेंडे के अनुसार विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी तथा संबंधित विषयों की समीक्षा की जाएगी।

# मां आमाबुंदिन शीतला माता मंदिर में पारंपरिक रीति-रिवाजों से हुई मूलधर्म में वापसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंतागढ़

## 12 वर्ष बाद मंजू पोट्टा की मूल आदिवासी धर्म में वापसी

नगर के मद्रासीपारा निवासी मंजू पोट्टा पति बिमल कुमार पोट्टा ने लगभग 12 वर्ष बाद अपने मूल आदिवासी धर्म में वापसी की। नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल मां आमाबुंदिन शीतला माता मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सांसद भोजराज नाग, ग्राम के गायता-पुजारी तथा सगा समाज के सदस्यों की उपस्थिति में पारंपरिक धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार वापसी की प्रक्रिया संपन्न हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंजू पोट्टा ने करीब 12 वर्ष पूर्व ईसाई धर्म अपना लिया था। इसके बाद उन्होंने पुनः अपने मूल आदिवासी धर्म में लौटने का निर्णय लिया। इसी क्रम में मां आमाबुंदिन शीतला माता मंदिर पहुंचकर ग्राम की इष्टदेवी के समक्ष माथा टेका और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान तिलक-चंदन, वंदन एवं शुद्धिकरण सहित विभिन्न पारंपरिक धार्मिक रस्में निभाई गईं। गायता-पुजारी और सगा समाज के सदस्यों की मौजूदगी में यह प्रक्रिया पूरी हुई। कार्यक्रम के दौरान सांसद भोजराज नाग एवं ग्राम के गायता विजय ध्रुव ने उन परिवारों से भी अपने मूल आदिवासी धर्म में लौटने की अपील की, जिन्होंने धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म अपनाया है। उन्होंने समाज के लोगों से अपनी परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक मान्यताओं से जुड़े रहने का आह्वान किया।

- अपनाई पारंपरिक धार्मिक रीति-रिवाजों की राह



### विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

इस अवसर पर मां आमाबुंदिन शीतला माता मंदिर में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें गायता-पुजारी, सगा समाज के सदस्य तथा नगर के प्रमुखजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासी समाज की परंपराओं, सांस्कृतिक पहचान और धार्मिक मान्यताओं को लेकर चर्चा भी हुई।

भानुप्रतापपुर-कोरर और भानुप्रतापपुर-अंतागढ़ मार्ग पर मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सेवा शुरू, जुड़ेंगे दूरस्थ गांव

# मंत्री केदार ने दो बसों को हरी झंडी दिखाई, कनेक्टिविटी को मिली रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत कांकेर जिले में ग्रामीण परिवहन सुविधा के विस्तार की दिशा में आज दो नए बस मार्गों पर सेवा शुरू हुई। परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भानुप्रतापपुर-कोरर और भानुप्रतापपुर-अंतागढ़ मार्ग पर बस सेवा शुरू होने से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को नियमित सार्वजनिक परिवहन की सुविधा मिलेगी। इससे ग्रामीणों के लिए तहसील, जनपद और अन्य प्रमुख केंद्रों तक पहुंचना आसान होगा तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, हाट-बाजार और शासकीय कार्यों के लिए आवागमन में सुविधा मिलेगी।

- ग्रामीणों के लिए तहसील, जनपद और अन्य प्रमुख केंद्रों तक पहुंचना आसान होगा

परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि पिछले वर्ष बस्तर में आयोजित मुरिया दरबार कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत बस सेवा की शुरुआत की गई थी। एक वर्ष के दौरान इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा का विस्तार हुआ है और 850 से अधिक गांव नियमित बस सेवा से जुड़ पाए हैं। पहले कई दूरस्थ गांवों तक वाहन नहीं पहुंच पाते थे, जिससे ग्रामीणों को ब्लॉक मुख्यालय और अन्य आवश्यक स्थानों तक जाने में परेशानी होती थी। अब बस सेवाओं के विस्तार से ऐसे क्षेत्रों में भी सार्वजनिक परिवहन की सुविधा पहुंच रही है। इससे ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, बाजार और शासकीय कार्यों के लिए आवागमन में सहूलियत मिल रही है। ⏭शेष पेज 08 पर



### कार्यक्रम में यह रहे शामिल

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, राजा पांडेय, दिलीप जायसवाल, राजा देवनानी, हीरा मरकाम, हलधर साहू, किरण नरेटी, दिनेश रजक, अशोक वालेचा, अजय मोटवानी, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम सरस्वती बंजारे, परिवहन अधिकारी प्रकाश रावटे सहित जनप्रतिनिधि, पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### अंतिम व्यक्ति तक सुविधाएं पहुंचाना शासन की प्राथमिकता : आशाराम

*इस अवसर पर कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि देश के अंतिम छोर पर बसे गांवों और वहां रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए। इसी भावना के अनुरूप मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और दूरस्थ क्षेत्रों में सुविधाओं का विस्तार करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर ओलंपिक जैसे आयोजनों में अंदरूनी गांवों के बच्चे और युवा उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। यह दर्शाता है कि अवसर मिलने पर दूरस्थ अंचलों की प्रतिभाएं भी सामने आ रही हैं। वन मंत्री कश्यप के नेतृत्व में वनांचल के लोगों की जरूरतों और सुविधाओं को लेकर भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम को महेश जैन ने भी संबोधित किया।*

# बजरंग दल का सदस्य बताया और 3 ग्रामीणों से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

दुधावा चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बासनवाही में खरीदे गए बैलों को पैदल लेकर जा रहें ग्रामीणों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। कुछ लोगों द्वारा स्वयं को बजरंग दल का सदस्य बताते हुए ग्रामीणों को रोका और खरीदी-बिक्री की रसीद दिखाने की बात कहकर विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि इस दौरान ग्रामीणों के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई और हाथ-मुक्कों व लात से मारपीट की गई। घटना में तीन लोगों को चोटें आई हैं।

- खरीदी-बिक्री की रसीद दिखाने की बात कहकर विवाद किया

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कोण्डागांव जिला के विश्रामपुरी थानांतर्गत ग्राम सलना निवासी 27 वर्षीय केशव कुमार यादव अपने साथी सोमनाथ यादव, किशोर यादव और अन्य ग्रामीणों के साथ ग्राम करहीभदर के मवेशी बाजार से खेती-किसानी के लिए बैल खरीदने गए थे। बैल खरीदने के बाद सभी उन्हें पैदल हांकते हुए बासनवाही-विश्रामपुरी मार्ग से अपने गांव सलना लौट रहे थे। रात करीब साड़े 11 बजे जब वे ग्राम बासनवाही के अटल चौक के पास पहुंचे, तभी कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने मवेशियों के मालिक और खरीदी की रसीद के संबंध में पूछताछ की। इसके बाद विवाद बढ़ गया और ग्रामीणों के साथ मारपीट की गई। घटना में केशव कुमार यादव के चेहरे और पैर में, सोमनाथ यादव की कमर में तथा किशोर यादव के हाथ-पैर और शरीर में चोटें आने की बात शिकायत में कही गई है।

पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद वे बैलों को अपने गांव सलना ले गए। बाद में बासनवाही के कुछ लोगों से आरोपियों के संबंध में जानकारी मिलने पर उन्होंने 23 अक्टूबर को चौकी दुधावा पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अजय नागेश और उसके साथियों के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2) एवं 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।



# गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक के हमले से 2 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कच्चे चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कालागांव में गाली-गलौज करने से मना करने पर एक युवक द्वारा दो लोगों पर धारदार लोहे के हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में दो लोगो को चोटें आई हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ



अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कालागांव निवासी 30 वर्षीय मदन तारम ने अपनी शिकायत में बताया कि वह खेती-किसानी का काम करता है। वह 23 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे गांव का संतू मंडावी अनावश्यक रूप से गाली-गलौज कर रहा था। इस पर मदन तारम और सुखराम तारम ने उसे ऐसा करने से मना किया और समझाने का प्रयास किया। आरोप है कि समझाइश देने से नाराज संतू मंडावी ने दोनों को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वह अपने घर से लोहे का धारदार हथियार लेकर आया और मदन तारम के दाहिने भुजा पर वार कर दिया। वहीं सुखराम तारम के बाएं कान के पास भी हथियार से हमला कर चोट पहुंचाई। घटना के दौरान गांव के लोगो ने बीच-बचाव कर झगड़ा शांत कराया। ⏭शेष पेज 08 पर

# सुरेली में 10 लाख से बनेगा प्रार्थना सभा शेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनेलीकन्हार

कांकेर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सुरेली के हाईस्कूल प्रांगण में 10 लाख रुपये की लागत से प्रार्थना शेड का निर्माण किया जाएगा। शनिवार 24 अक्टूबर को क्षेत्र के जनपद सदस्य नितेश सलाम के हाथों निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। इस निर्माण कार्य की



जिम्मेदारी ग्राम पंचायत द्वारा निभाई जाएगी। विद्यालय परिसर में प्रार्थना शेड बनने से विद्यार्थियों को सामूहिक प्रार्थना सभा सहित विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन में सुविधा मिलेगी। विशेषकर बारिश और तेज धूप के दौरान विद्यार्थियों को राहत मिलेगी। इससे विद्यालय में विद्यार्थियों के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सुरेली के सरपंच ⏭शेष पेज 08 पर

## प्लास्टिक टंकी में लीकेज होने से लगातार पानी बर्बाद हो रहा

# रामपुर में पेयजल संकट, नलों में लकड़ी फंसाकर पानी भरने को मजबूर ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर

जिले के सुदूर वनांचल ग्राम रामपुर में पेयजल व्यवस्था की स्थिति बदहाल है। ग्रामीणों को रोजाना पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में लगे नलों में टोटियां नहीं होने के कारण ग्रामीण लकड़ी के टुकड़े फंसाकर पानी भरने और उसे बंद करने को मजबूर हैं। वहीं, पानी संग्रहित करने के लिए लगाई गई प्लास्टिक की टंकी में लीकेज होने से लगातार पानी बर्बाद हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार वन विभाग द्वारा लगाई गई प्लास्टिक की टंकी जगह-जगह से रिस रही है। इससे पानी का नुकसान हो रहा है। नलों में टोटियां नहीं होने के कारण पानी को नियंत्रित करना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि टंकी के नीचे सुरक्षा के लिए लोहे की चादर लगाने की जरूरत है, ताकि उसे नुकसान से बचाया जा सके। गांव में पेयजल व्यवस्था की बदहाली का असर महिलाओं सहित अन्य ग्रामीणों पर पड़ रहा है। नलों के आसपास कीचड़ और गंदगी के बीच लोगों को पानी भरना पड़ता है। ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या को लेकर शिकायत करने के बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने जर्जर प्लास्टिक टंकी को हटाकर मजबूत ⏭शेष पेज 08 पर

- नलों में टोटियां नहीं होने के कारण पानी पानी हो रहा बर्बाद पर अधिकारी मौन



# शहीद यनेश्वर सलाम और हीरा सिंह को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ पण्डरीपानी

विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरादाह में पुलिस स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शहीद यनेश्वर सलाम एवं शहीद हीरा सिंह निषाद को श्रद्धांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन धारण किया गया। उपस्थित शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्राचार्य मोहम्मद असलम ने कहा कि पुलिस एवं सेना के जवान देश की सुरक्षा के लिए सदैव समर्पित रहते हैं। वे अपने साहस, कर्तव्यनिष्ठा और बलिदान से देश एवं समाज की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। उनके समर्पण के कारण ही नागरिक सुरक्षित वातावरण में जीवन व्यतीत कर पाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पुलिस एवं सुरक्षा बलों के प्रति सदैव सम्मान की भावना रखनी चाहिए तथा देश की सुरक्षा में उनके योगदान को समझना चाहिए। शहीदों का त्याग और ⏭शेष पेज 08 पर

## खबर संक्षेप



### जुआ खेलते पांच आरोपी गिरफ्तार, 1.55 लाख की सामग्री जब्त

**केशकाल।** कोण्डागांव जिले में जुआ खेलने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए केशकाल के ढोढरापारा में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 20 हजार 400 रुपये नकद, पांच मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल एवं स्कूटी सहित कुल 1 लाख 55 हजार 400 रुपये की सामग्री जब्त की है। मौके से ताश के 52 पत्ते और एक चटाई भी जब्त की गई है। आज 23 अक्टूबर को पुलिस को सूचना मिली कि केशकाल के ढोढरापारा स्थित इमरान पारेख की बाड़ी में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए केशकाल थाना पुलिस और कोण्डागांव साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। इसके बाद पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर दबिश दी, जहां जुआ खेल रहे पांच लोगों को पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद साहिद पिता अब्दुल करीम, मोहम्मद इकबाल पिता मोहम्मद इस्माईल, मोहम्मद इमरान पारेख पिता मोहम्मद मुसा भाई पारेख, मोहम्मद साजिद पिता शेख इस्माईल तथा नवीन शोरी पिता नक्षणा शोरी शामिल हैं। सभी आरोपी केशकाल क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। उनके कब्जे से 20,400 रुपये नकद, पांच मोबाइल फोन, बाइक, स्कूटी जब्त की गई है। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, 2022 की धारा 4 के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया।

### बिहान योजना से ग्रामीण महिलाओं की आजीविका को मिल रहा बढ़ावा

**कोण्डागांव।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत कोण्डागांव जिले में ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए फार्मर प्रोड्यूसर कंपनियों के माध्यम से विभिन्न आजीविका गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। कृषि, मुर्गीपालन और खाद–बीज से संबंधित व्यवसायों को बढ़ावा देकर कृषि सखी एवं पशु सखी के लिए आय के नए अवसर विकसित किए जा रहे हैं। इस पहल से ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ने के साथ स्थानीय कृषि आधारित उद्यमों को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। बिहान योजना के तहत ग्रामीण महिलाओं को संगठित कर कृषि एवं पशुपालन आधारित गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। इसके लिए एकीकृत फार्मिंग क्लस्टर आईएफसी और उत्पादक समूहों के माध्यम से स्थानीय स्तर पर आजीविका के नए साधन विकसित किए जा रहे हैं। इससे महिलाओं को आय के विभिन्न स्रोत उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।



# ओवरटेकिंग से केशकाल घाट में लगा जाम, घंटों रेंगते रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

बस्तर की जीवनरेखा माने जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के केशकाल घाट में शनिवार शाम 7 बजे ओवरटेकिंग के कारण यातायात बाधित हो गया। घाट के घुमावदार और संकरे मार्ग पर आगे निकलने की होड़ के चलते वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई और जाम की स्थिति निर्मित हो गई। इससे वाहन चालकों और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

#### ओवरटेकिंग की होड़ से बढ़ती है परेशानी

घाट मार्ग पर भारी वाहनों, यात्री बसों, मालवाहक वाहनों और छोटे वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। ऐसे में यदि कोई वाहन चालक नियमों की अनदेखी करते हुए आगे निकलने का प्रयास करता है, तो पीछे से आने वाले वाहनों की गति भी प्रभावित होती है। संकरे मार्ग और घुमावदार मोड़ों पर इस तरह की जल्दबाजी जाम की स्थिति को और गंभीर बना सकती है। केशकाल घाट में लगने वाला जाम केवल वाहन चालकों की परेशानी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर आम यात्रियों, व्यापारिक गतिविधियों और आपातकालीन सेवाओं पर भी पड़ सकता है। विशेष रूप से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले लोगों को अनावश्यक देरी का सामना करना पड़ता है।

#### यातायात व्यवस्था पर उठे सवाल



#### यातायात नियमों का पालन करना जरूरी

केशकाल घाट में यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए वाहन चालकों को धैर्य के साथ वाहन चलाने और निर्धारित यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता है। घाट के संकरे हिस्सों और घुमावदार मोड़ों पर ओवरटेकिंग से बचना चाहिए। वहीं, यातायात पुलिस की सतर्कता और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर निगरानी से भी ऐसी परिस्थितियों को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। केशकाल घाट बस्तर संभाग को प्रदेश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मार्ग है। इसलिए यहां यातायात व्यवस्था बनाए रखना बेहद जरूरी है। वाहन चालकों की थोड़ी सी सावधानी न केवल जाम की समस्या को कम कर सकती है, बल्कि संभावित सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में भी अहम भूमिका निभा सकती है।

केशकाल घाट अपनी भौगोलिक स्थिति, तीखे मोड़ों और ढलान के कारण पहले से ही संवेदनशील मार्ग माना जाता है। यहां वाहन चलाते समय थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसके बावजूद कुछ वाहन चालक जल्दबाजी में दूसरे वाहनों को ओवरटेक करने का प्रयास करते हैं। ऐसी स्थिति में सड़क पर वाहनों की कतार लगने के साथ ही यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होती है।

### राजा गुरु बालकदास साहेब के एकादशीय राज्याभिषेक पर आयोजन

# कुसमा में राजा मेला बना आस्था और सामाजिक एकता का महाकुंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

ग्राम कुसमा में राजा गुरु बालकदास साहेब जी के एकादशीय राज्याभिषेक के उपलक्ष्य में आयोजित राजा मेला आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का महाकुंभ बन गया। 100 गवां सतनामी समाज स्थापना एवं गुरुद्वारा धर्मसभा संसद के तत्वावधान में 22 अक्टूबर को आयोजित इस कार्यक्रम में 137 गांवों से हजारों की संख्या में समाजजन शामिल हुए। पूरे आयोजन में भक्ति, उत्साह और सांस्कृतिक उल्लास का वातावरण रहा। देर रात तक सतनाम भजनों की गूंज से मेला स्थल भक्तिमय बना रहा।

राजा मेला का शुभारंभ जैतखाम एवं गुरुद्वारा गुरुगद्दी राजा मेला स्थल में विधिवत पूजा–अर्चना के साथ किया गया। इसके बाद अतिथियों का फूलमालाओं से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त वनमंडलाधिकारी के.के. खेलवारे रहे। अध्यक्षता धर्मचेला एवं प्रधान संयोजक लखमूराम टंडन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विभिन्न गांवों के समाज प्रमुख उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि केके खेलवारे ने कहा कि गुरु बालकदास बाबाजी ने समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से अठगवां की स्थापना की थी। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सौ गवां सतनामी समाज की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि समाज की एकजुटता से सामाजिक, शैक्षणिक और सांस्कृतिक विकास को नई दिशा मिल सकती है। ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।

प्रधान संयोजक लखमूराम टंडन ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा के सतनाम धर्म, संस्कृति और परंपराओं को संजोकर रखना समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बलिदानी राजा गुरु बालकदास साहेब के सपनों को साकार करने और उनके राज्याभिषेक के ऐतिहासिक क्षण की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से राजा मेला का आयोजन किया जाता है।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने समाज की संस्कृति, सभ्यता और परंपराओं के संरक्षण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराते हैं। साथ ही अच्छे आचरण, सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और एकता की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

#### 137 गांवों से पहुंचे हजारों समाजजन



#### देर रात तक गूंजे सतनाम भजन

राजा मेला में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने श्रद्धालुओं को देर रात तक बांधे रखा। तेलासीपुरी, रायपुर के प्रसिद्ध सतनाम भजन गायक यशवंत सतनामी ने भजन एवं चिन्हारी की प्रस्तुति दी। सतनाम भजनों की मधुर धुनों से पूरा मेला स्थल भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में उपस्थित समाजजनों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। कार्यक्रम में मेला समिति के अध्यक्ष सुरेश बघेल, कार्यक्रम प्रभारी धंसराज टंडन, एम.आर. आदिले, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेम सिंह नाग, जिला पंचायत सदस्य रामदाई नाग, दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष दीपक आदिले, कांकेर जिलाध्यक्ष दानेश्वर बंजारे, बस्तर जिलाध्यक्ष संतु बांधे और नारायणपुर जिलाध्यक्ष विनोद डहरिया सहित विभिन्न जिलों के समाज प्रमुख उपस्थित रहे।

# बोलेरो पेड़ से टकराई, सेना के जवान की मौत, छह घायल, एक की हालत गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

थाना क्षेत्र के गट्टीपलना मोड़ पर शुक्रवार रात करीब 10 बजे तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में सेना के जवान सुंदरलाल नेताम 31 की मौत हो गई, जबकि सेना का एक अन्य जवान मनीष नेताम गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना में पांच अन्य लोग भी घायल हुए हैं। दो घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।



जानकारी के अनुसार, ग्राम पल्ली निवासी सात लोग बोलेरो में सवार होकर दशहरा के अवसर पर आयोजित रात्रिकालीन कार्यक्रम देखने निकले थे। ग्राम बरकई में कार्यक्रम नहीं होने पर वे पांडेआठगांव जा रहे थे। इसी दौरान गट्टीपलना-चोंगीभर्री मोड़ पर बोलेरो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।

हादसे की सूचना मिलते ही सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों ने पुलिस की मदद से सभी घायलों को फरसगांव अस्पताल पहुंचाया। गंभीर घायल मनीष नेताम निवासी मालाकोट और दिनेश नेताम निवासी पल्ली को जिला अस्पताल रेफर किया गया। वहीं, नंदलाल नेताम, सुनेश मरकाम, तेजलाल नेताम और परदेशी कोर्राम का उपचार फरसगांव अस्पताल में जारी है। मृतक जवान सुंदरलाल नेताम ग्राम पल्ली के डोंगरीपारा का निवासी था और वर्तमान में केरल में पदस्थ था। उसकी शादी करीब चार साल पहले हुई थी। उसकी कोई संतान नहीं थी। जवान की असमय मौत से परिवार में शोक की लहर है। फरसगांव पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

# पीएमश्री सेजस स्कूल में स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

पीएम श्री सेजस हिंदी माध्यम, केशकाल में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आयुर्वेदिक औषधालय, अढेंगा के चिकित्सक डॉ. जाधव उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न बीमारियों से बचाव, आयुर्वेदिक घरेलू नुस्खों तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।



डॉ. जाधव ने बताया कि विद्यार्थी जीवन में स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। स्वच्छता, संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित दिनचर्या, पर्याप्त नींद और शारीरिक गतिविधियों को अपनाकर अनेक बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता के महत्व को समझाते हुए बताया कि किस प्रकार अच्छी आदतें शरीर को रोगों से लड़ने में सहायता करती हैं।

इस अवसर पर प्राचार्य चेतन लाल मंडावी, शिक्षिका संगीता भास्कर सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। सभी ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास तथा स्वस्थ जीवनशैली के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण बताया।

डॉ. जाधव का उद्बोधन विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी विकसित करना तथा रोगों से बचाव के लिए अच्छी आदतों को अपनाने हेतु प्रेरित करना था।

कार्यक्रम के माध्यम से संदेश दिया गया कि स्वच्छता अपनाएँ, स्वस्थ रहें और स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएँ।

# बस्तर ओलंपिक की तैयारियां तेज, 2 से 5 नवंबर तक होगी ब्लॉक स्तरीय स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर ओलंपिक 2026 के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं 2 से 5 नवंबर तक आयोजित की जाएंगी, जबकि जिला स्तरीय प्रतियोगिता नवंबर के दूसरे सप्ताह में होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है। आयोजन की तैयारियों को लेकर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अविनाश भोई की अध्यक्षता में जिले के समस्त व्यायाम अनुदेशकों की बैठक आयोजित की गई।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में सीईओ अविनाश भोई ने व्यायाम अनुदेशकों को अधिक से अधिक खिलाड़ियों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विकासखंड एवं जिला स्तर पर प्रतियोगिताओं के व्यवस्थित आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां करने पर जोर दिया।

बस्तर ओलंपिक के अंतर्गत जिले में विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताएं 2 से 5 नवंबर के बीच आयोजित की जाएंगी। इसके बाद नवंबर के दूसरे सप्ताह में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बैठक में प्रतियोगिताओं की रूपरेखा और आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई।



#### खिलाड़ियों के पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तक

बस्तर ओलंपिक 2026 में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। जिला प्रशासन ने खिलाड़ियों से निर्धारित समय–सीमा के भीतर पंजीयन कराकर प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है।

जिला स्तरीय प्रतियोगिता में व्यक्तिगत खेलों के विजेताओं को नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 2,000 रुपए, द्वितीय स्थान पर 1,500 रुपए तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 1,000 रुपए की पुरस्कार राशि दी जाएगी। दलीय खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 4,000 रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 3,000 रुपए तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 2,000 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

#### विजेताओं को ट्रॉफी और मेरिट प्रमाण पत्र –

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार के साथ मेरिट प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी भी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

# बस्तर दशहरा के बाहर रैनी पर छात्रों को नहीं मिला अवकाश



**कोण्डागांव।** बस्तर दशहरा लगभग 75 दिनों तक चलने वाला अनूठा पर्व है। इस पर्व के अंतिम एवं प्रमुख आयोजनों में शामिल बाहिर रैनी का विशेष धार्मिक, सांस्कृतिक महत्व है। लेकिन इस वर्ष बाहिर रैनी पर शासन के शिक्षा विभाग द्वारा अवकाश नहीं दिए जाने को लेकर बस्तर संभाग के विद्यार्थियों, पालकों और शिक्षा विभाग से जुड़े कर्मचारियों में निराशा देखी जा रही है। बस्तर दशहरा देश के अन्य स्थानों पर मनाए जाने वाले दशहरा पर्व से बिल्कुल अलग है। यहां रावण दहन के बजाय मां दंतेश्वरी की आराधना, आदिवासी रीति–रिवाजों, पारंपरिक रस्मों और सदियों पुरानी परंपराओं के साथ यह पर्व मनाया जाता है। बस्तर दशहरा का आकर्षण केवल छत्तीसगढ़ तक सीमित नहीं है। इस अनूठे पर्व को देखने के लिए भारत के विभिन्न राज्यों के साथ–साथ विदेशों से भी पर्यटक और संस्कृति प्रेमी बस्तर पहुंचते हैं। बाहिर रैनी के अवसर पर जगदलपुर में श्रद्धालुओं और दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ती है। शहर की चहल–पहल और जनसमूह को देखते हुए यह दिन स्थानीय स्तर पर वर्ष के सबसे व्यस्त दिनों में से एक माना जाता है।

# कोंटा को मिला शव वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा

कोंटा विकासखंड के विशाल भौगोलिक क्षेत्र और बड़ी आबादी को देखते हुए लंबे समय से महसूस की जा रही शव वाहन की आवश्यकता अब पूरी हो गई है। भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष की पहल और जनहित के प्रति सक्रियता से कोंटा क्षेत्र को समर्पित शव वाहन उपलब्ध हो गया है। इससे क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इस पहल को स्थानीय स्तर पर जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

■ प्रभारी मंत्री और कलेक्टर के प्रयासों से पूरी हुई मांग



#### सम्मानजनक सहायता प्रदान करने होगा सहायक

दरअसल, कोंटा विकासखंड का भौगोलिक विस्तार काफी बड़ा है। दूरस्थ गांवों में रहने वाले लोगों को किसी परिजन की मृत्यु होने पर पार्थिव शरीर को घर तक ले जाने अथवा अंतिम संस्कार के लिए परिवहन की व्यवस्था करने में कई बार परेशानियों का सामना करना पड़ता था। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए निजी वाहन की व्यवस्था करना भी आसान नहीं होता। ऐसे में शव वाहन की उपलब्धता केवल परिवहन सुविधा नहीं, बल्कि दुख की घड़ी में जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक सहायता प्रदान करने से जुड़ा विषय है।

#### बीएमओ की जानकारी के बाद उठाया कदम

कोंटा बीएमओ चंद्राकर ने क्षेत्र में शव वाहन की आवश्यकता से भाजयुमो मंडल अध्यक्ष को अवगत कराया था। समस्या की गंभीरता को समझते हुए उन्होंने इस मांग को संबंधित जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से रखा। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री एवं सुकमा जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप के सामने कोंटा क्षेत्र के लिए समर्पित शव वाहन उपलब्ध कराने की मांग रखी। मांग पर प्रभारी मंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए सुकमा कलेक्टर अमित कुमार को इस विषय से अवगत कराया।

इसके बाद प्रशासनिक स्तर पर आवश्यक पहल हुई और कोंटा क्षेत्र के लिए शव वाहन उपलब्ध हो गया। इस तरह स्वास्थ्य विभाग से सामने आई आवश्यकता को जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाने और उसके समाधान के लिए प्रयास करने में भाजयुमो मंडल अध्यक्ष की भूमिका अहम रही।

#### जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में पहल

शव वाहन की उपलब्धता से कोंटा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को आवश्यकता के समय सुविधा मिलने का रास्ता खुला है। खासकर दूरस्थ और दुर्गम इलाकों में रहने वाले परिवारों के लिए यह व्यवस्था उपयोगी साबित हो सकती है। हालांकि, इस सुविधा का वास्तविक लाभ सुनिश्चित करने के लिए वाहन का नियमित संचालन, समय पर उपलब्धता और जरूरतमंदों तक इसकी जानकारी पहुंचाना भी जरूरी होगा।

#### कोंडागांव में मनाया गया एमएलटी दिवस

**फरसगांव/कोंडागांव।** जिला मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट संघ कोंडागांव के तत्वावधान में 24 अक्टूबर को एमएलटी दिवस पर काष्ठागार वन परिसर स्थित नीलम हॉल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट के योगदान को सम्मानित करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरके चतुर्वेदी, बीएमओ डॉ. हरेंद्र बघेल सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा किए। इस दौरान कोरोना महामारी के कठिन दौर को भी याद किया गया, जब लैब टेक्नोलॉजिस्ट ने अपनी जान की परवाह किए बिना कोरोना वॉरियर्स के रूप में लगातार सेवाएं देते हुए मरीजों की जांच और उपचार व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

#### मंत्री केदार ने दो बसों ...

उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवहन सुविधा का विस्तार केवल बसों के संचालन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दूरस्थ गांवों को विकास के अवसरों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम भी है। जिले में इन दो नए मार्गों पर बस सेवा शुरू होने से पहले से संचालित 10 मार्गों के माध्यम से भी ग्रामीण क्षेत्रों को परिवहन सुविधा मिल रही है।

#### गाली-गलौज का ...

शिकायत पर पुलिस ने संतू मंडावी के विरुद्ध धारा 296, 351(2), 118(1) बीएनएस तथा आर्म्स एक्ट की धारा 25 और 27 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की है।

#### सुरेली में 10 लाख से...

कृष्ण हुपेन्डी, पूर्व मंडल महामंत्री लोकेश्वर सेन, प्रचार्य केशव लाल गायकवाड़, उपसरपंच पुनिता उसेंडी, कुंवर सिंह जैन, बालसाय उसेंडी एवं बृजलाल कावड़े सहित अन्य लोग उपस्थित रहें। ग्राम पंचायत द्वारा 10 लाख रुपये की लागत से प्रार्थना शेड का निर्माण कराया जाना विद्यालय में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद विद्यार्थियों और शिक्षकों को इसका लाभ मिलेगा।

#### रामपुर में पेयजल ...

नई टंकी लगाने और सभी नलों में टोटियां लगाने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे पानी की बर्बादी रुकेगी और पेयजल व्यवस्था में सुधार होगा। इस संबंध में डीएफओ नवीन कुमार ने कहा कि उन्हें समस्या की जानकारी मिली है। वे तत्काल टीम भेजकर जांच कराएंगे तथा नई टंकी लगाने सहित अन्य खराबियों को जल्द सुधारने के निर्देश देंगे। अब ग्रामीणों को विभागीय कार्रवाई और पेयजल व्यवस्था में सुधार का इंतजार है।

#### शहीद यनेश्वर सलाम ...

देशभक्ति की भावना सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर संस्था के डीडी भारद्वाज, ओंकार जैन, अनुप जैन सहित समस्त शाला स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और शहीदों के प्रति सम्मान की भावना जागृत करने का संदेश दिया गया।

पेज 07 के शेष...

## खबर संक्षेप

### 20 बालिकाओं ने किया शासकीय कार्यालयों का भ्रमण



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार 22 अक्टूबर को 'बिटिया @ वर्क' अभियान के अंतर्गत बालगृह बालिका, टुमॉरोज फाउंडेशन संस्था में निवासरत 20 बालिकाओं को विभिन्न शासकीय कार्यालयों एवं संस्थानों का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को शासकीय कार्यप्रणाली से परिचित कराना, उनके आत्मविश्वास को बढ़ाना तथा उन्हें शिक्षा, आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के प्रारंभ में महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी तनुजा बेलसरिया एवं डिप्टी कलेक्टर चंचल पैकरा ने बालिकाओं के साथ अपने जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में प्राप्त अवसरों, चुनौतियों और सफलता के अनुभवों के माध्यम से बालिकाओं को शिक्षा के महत्व, आत्मविश्वास, लक्ष्य निर्धारण एवं आत्मनिर्भरता के प्रति प्रेरित किया। उन्होंने बालिकाओं को जीवन में अपने लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। इसके पश्चात जिला मिशन समन्वयक सरिता देशमुख ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी।

### युवा मतदाता सूची में जुड़वा सकेंगे नाम

**बीजापुर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 1 जनवरी के संदर्भ में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण संबंधी कार्यक्रम की घोषणा कर दी गयी है। इस हेतु आयोग द्वारा निर्धारित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण जारी किया गया है। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 12 नवम्बर को किया जावेगा। प्रकाशन उपरांत 12 नवम्बर से 11 दिसम्बर तक मतदाताओं से दावा प्राप्त किया जावेगा। उक्त तिथि के दौरान को बूथ लेवल अधिकारियों एवं अविहित अधिकारियों 6,7,8 के साथ मतदान केन्द्रों में उपस्थित रहेगें। प्राप्त दावा/आपत्तियों का निराकरण 28 दिसम्बर तक किया जाना है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी को किया जाएगा। जो कि ऐसे मतदाता जिनकी उम्र 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष पूर्ण होगी तथा ऐसे भारतीय नागरिक जिनका नाम अभी तक किसी कारणवश मतदाता सूची में नहीं जुड़ पाया है।

## दिवाली से पहले शासन की सौगात

# नगर सैनिकों के मानदेय में वृद्धि

लीलाधर राठी ▶▶| सुकमा

छत्तीसगढ़ में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अग्निशमन सेवाओं और आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करने वाले नगर सैनिकों के लिए बड़ी राहत की खबर है। नगर सैनिकों के मानदेय में बढ़ोतरी

■ दैनिक मानदेय और डीए सहित नई दरें स्वीकृत

से संबंधित लंबे समय से उठ रहे मुद्दे के बीच छत्तीसगढ़ शासन के गृह विभाग ने 15 अक्टूबर को आदेश जारी कर पदवार दैनिक मानदेय, महंगाई भत्ता (डीए) और वर्दी धुलाई भत्ते की नई दरों को स्वीकृति प्रदान की है। शासन के इस निर्णय से प्रदेशभर के नगर सैनिकों को आर्थिक लाभ मिलने का रास्ता साफ हुआ है। हरिभूमि ने पूर्व में नगर सैनिकों के मानदेय और उनकी सेवा से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया था। ऐसे में इस आदेश को नगर सैनिकों के लिए महत्वपूर्ण राहत के रूप में देखा जा रहा है।

खबर का असर

### गृह विभाग ने जारी किया आदेश

छत्तीसगढ़ शासन गृह विभाग मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी आदेश में नगर सैनिकों के लिए दैनिक मानदेय की पदवार दरें निर्धारित की गई हैं। आदेश के अनुसार सैनिक को प्रतिदिन 650 रुपये मानदेय और 377 रुपये डीए सहित कुल 1029 रुपये मिलेंगे। इसी तरह लांस नायक को 1038 रुपये, नायक को 1048 रुपये और हवलदार को 1057 रुपये प्रतिदिन की दर स्वीकृत की गई है। कंपनी क्वार्टर मास्टर और कंपनी हवलदार मेजर के लिए कुल दैनिक राशि 1067 रुपये निर्धारित है।

वहीं हवलदार मेजर के लिए 1091 रुपये तथा हवलदार क्वार्टर मास्टर के लिए 1114 रुपये प्रतिदिन की दर तय की गई है। इन दरों में दैनिक मानदेय, डीए और वर्दी धुलाई भत्ता शामिल हैं।

### अब प्रतिदिन मिलेंगे 1029 से 1114 रुपये


सुरक्षा व्यवस्था के साथ अन्य शासकीय दायित्वों को निभा रहे
नगर सैनिकों को पुलिस कर्मियों के समान वेतन का था आदेश
वर्षों की कानूनी लड़ाई के बाद भी इंतजार
विशेष अनुमति याचिका हुई थी खारिज
प्रदेश के हजारों परिवार प्रभावित
अवमानना का मामला न्यायालय में लगाएंगे
आदेश का नहीं हो रहा पालन

### हरिभूमि ने पहले उठाया था मानदेय का मुद्दा

नगर सैनिकों के मानदेय और सेवा संबंधी मांगों को हरिभूमि ने पहले भी प्रमुखता से प्रकाशित किया था। 6 जुलाई को प्रकाशित खबर में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद पुलिस आरक्षकों के समान वेतन-भत्ते का लाभ मिलने से जुड़े मुद्दे और शासन स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की स्थिति को सामने रखा गया था। खबर में यह सवाल भी उठाया गया था कि कानून-व्यवस्था से लेकर आपदा प्रबंधन तक की जिम्मेदारियां निभाने वाले नगर सैनिकों को उनकी सेवाओं के अनुरूप आर्थिक लाभ कब मिलेगा।

अब गृह विभाग का आदेश जारी होने के बाद मानदेय में स्वीकृत वृद्धि को लेकर नगर सैनिकों में उम्मीद बढ़ी है। हालांकि दैनिक दरों की इस स्वीकृति और पुलिस आरक्षकों के समान वेतन सहित अन्य सेवा लाभों से जुड़ी मांगों को अलग-अलग समझना जरूरी है।

### सैनिक से हवलदार क्वार्टर मास्टर तक नई दरें

शासन के आदेश में पद के अनुसार अलग-अलग दरों को मंजूरी दी गई है। इससे नगर सैनिकों को अपने पद के अनुरूप स्वीकृत दैनिक भुगतान का लाभ मिलेगा। आदेश में वर्दी धुलाई भत्ते के लिए 60 रुपये प्रतिमाह की दर से दो वर्दियों का उल्लेख किया गया है। मानदेय और डीए की दरें अलग-अलग दर्शाई गई हैं, जबकि अंतिम कॉलम में कुल दैनिक राशि दी गई है। आदेश में यह भी उल्लेख है कि वित्त विभाग की फाइल क्रमांक **E**415735 तथा **FINACC**-38029/1046/2026-**FINANCE**, दिनांक 13 अक्टूबर 2026 को दी गई सहमति के आधार पर स्वीकृति जारी की गई है।

### पहले 19500 रुपये, अब वास्तविक भुगतान पर नजर

नगर सैनिकों को पहले 19500 रुपये प्रतिमाह मिलने की जानकारी के आधार पर नई दरों से उनकी आय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि, आदेश में भुगतान दैनिक दर के आधार पर निर्धारित किया गया है। इसलिए वास्तविक मासिक राशि ड्यूटी के दिनों, लागू नियमों और अन्य पात्रताओं के अनुसार तय होगी। 1029 रुपये की दैनिक दर को 30 दिनों से गुणा करने पर 30870 रुपये की राशि बनती है, लेकिन इसे सभी नगर सैनिकों का निश्चित मासिक भुगतान मानने से पहले ड्यूटी दिवस और भुगतान संबंधी नियमों की पुष्टि आवश्यक है।

### आर्थिक राहत के साथ लंबित मांगों पर भी उम्मीद

नगर सैनिक पुलिस और प्रशासन के साथ मिलकर कानून-व्यवस्था बनाए रखने, महत्वपूर्ण आयोजनों में सुरक्षा व्यवस्था संभालने, आगजनी की घटनाओं में सहायता देने तथा बाढ़ आपदा के समय राहत कार्यों में अहम भूमिका निभाते हैं। कठिन परिस्थितियों में जिम्मेदारी निभाने वाले इन जवानों के लिए मानदेय में स्वीकृत वृद्धि आर्थिक राहत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अब नगर सैनिकों की नजरें इस बात पर रहेंगी कि नई दरें किस तारीख से प्रभावी होंगी, भुगतान कब से शुरू होगा और उन्हें वास्तविक रूप से कितनी मासिक राशि प्राप्त होगी। साथ ही समान वेतन और अन्य सेवा लाभों से जुड़ी मांगों पर भी शासन की स्पष्ट स्थिति का इंतजार रहेगा। हरिभूमि द्वारा पहले उठाए गए सवालों के बीच गृह विभाग का यह आदेश नगर सैनिकों के लिए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। उम्मीद है कि शासन नई दरों के क्रियान्वयन के साथ नगर सैनिकों की शेष मांगों पर भी स्पष्ट निर्णय लेकर उन्हें उनकी सेवाओं के अनुरूप आर्थिक सुरक्षा और सम्मान प्रदान करेगा।

# राष्ट्रपति को बस्तर की कलाकृति भेंट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

बस्तर दशहरा के ऐतिहासिक अवसर पर बस्तर जिले में आयोजित मुरिया दरबार में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की उपस्थिति में दंतेवाड़ा जिले की बिहान दीदी रामबती पोड़ियाम ने जिले का मान बढ़ाया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' से जुड़ी विकासखंड गीदम के ग्राम

■ बिहान दीदी रामबती पोड़ियाम ने बढ़ाया जिले का मान

झोड़ियाबाड़म निवासी रामबती पोड़ियाम ने जिला दंतेवाड़ा की ओर से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को बेल मेटल से निर्मित बस्तर कला की आकर्षक कलाकृति उपहार स्वरूप भेंट की। यह अवसर जिले की ग्रामीण महिलाओं की प्रतिभा, मेहनत और आत्मनिर्भरता को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का प्रतीक बना।

रामबती पोड़ियाम पिछले छह वर्षों से बिहान योजना से निरंतर जुड़कर आजीविका संवर्धन की दिशा में कार्य कर रही हैं। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन एवं सहयोग से वे छिंद के पत्तों से आकर्षक गुलदस्ते, राखियां, मालाएं और विभिन्न कलाकृतियों का निर्माण कर रही हैं। अपनी मेहनत, रचनात्मकता और लगन के बल पर उन्होंने पिछले छह वर्षों में इन उत्पादों के विक्रय से लगभग 35 लाख रुपये की आय अर्जित की है।

राष्ट्रपति को बस्तर कला की कलाकृति भेंट किया जाना जिले की पारंपरिक कला और ग्रामीण महिलाओं के हुनर को पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण अवसर है। रामबती दीदी की इस उपलब्धि ने स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और पारंपरिक शिल्प के माध्यम से आर्थिक सशक्तीकरण की संभावनाओं को उजागर किया है। रामबती पोड़ियाम की सफलता ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणादायी उदाहरण है। उनकी उपलब्धि दर्शाती है कि शासन की योजनाओं, उचित मार्गदर्शन और निरंतर परिश्रम से महिलाएं स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर बन सकती हैं और अपने जिले को गौरवान्वित कर सकती हैं।

# ग्रामीणों को बैंकिंग योजनाओं की मिली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने और केंद्र सरकार की वित्तीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत मुरतोंडा में वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन सुकमा के सहयोग से भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में ग्रामीणों को विभिन्न बैंकिंग सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में भारतीय स्टेट बैंक, शाखा सुकमा के शाखा प्रबंधक सुशांत वर्मा तथा अग्रणी जिला प्रबंधक मनीष कुमार कुशरो उपस्थित रहे। शिविर के दौरान ग्रामीणों की बैंकिंग संबंधी समस्याओं के निराकरण और पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया।

■ पीएम आवास हितग्राहियों के डीबीटी से लेकर बीमा और किसान क्रेडिट कार्ड तक की सुविधाओं पर रहा जोर



### बैंकिंग प्रक्रियाओं की जानकारी जरूरी

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से बैंक खातों में राशि प्राप्त करने से संबंधित सुविधाओं और समस्याओं के समाधान पर ध्यान दिया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि सरकारी योजनाओं की राशि समय पर प्राप्त करने के लिए बैंक खाते की स्थिति और आवश्यक बैंकिंग प्रक्रियाओं की जानकारी रखना जरूरी है।

इसके अलावा प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना तथा किसान क्रेडिट कार्ड के बारे में जानकारी देकर पात्र ग्रामीणों को इन योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### नागरिकों को किया जागरूक

शिविर में किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत नामांकन के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही 'आपकी पूंजी, आपका अधिकार' अभियान के तहत दावा नहीं की गई वित्तीय परिसंपत्तियों के संबंध में भी जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया, ताकि लोग अपनी पात्रता के अनुसार संबंधित वित्तीय राशि के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। वित्तीय सेवा विभाग का यह अभियान 21 अक्टूबर से 31 दिसंबर 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य प्रत्येक ग्राम पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय तक शिविरों के माध्यम से पहुंच बनाकर पात्र हितग्राहियों को बैंकिंग सेवाओं एवं वित्तीय समावेशन योजनाओं से जोड़ना है।

### समाधान के लिए जागरूक करना प्राथमिकता

सुशांत वर्मा शाखा प्रबंधक ने कहा कि वित्तीय समावेशन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग सुविधाओं और शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ना है। पात्र हितग्राहियों को योजनाओं की सही जानकारी देकर उन्हें लाभ दिलाने तथा बैंकिंग संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए जागरूक करना हमारी प्राथमिकता है। जिला प्रशासन और बैंकों के संयुक्त प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाने तथा शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

# उत्कृष्ट शिक्षकों का हुआ सम्मान

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और नवाचारों को मिला प्रोत्साहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने तथा शैक्षणिक नवाचारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस पहल के माध्यम से विद्यालयों में बेहतर शिक्षण पद्धतियों को अपनाने, विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने और सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के लिए शिक्षकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों को पहचान दी गई। कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद ठाकुर एवं जिला परियोजना समन्वयक हरीश गौतम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित कर उनके प्रयासों की सराहना की।

सम्मानित होने वाले शिक्षकों में सुनीता अजित, बलराम रेड्डी, शिवकुमार गुप्ता, कीर्तिला कोठारी, पुष्पा ध्रुव, नीता साहू और माधुरी उके शामिल रहे। इस अवसर पर विनोबा टीम के अभिषेक त्रिपाठी एवं राहुल भी उपस्थित रहे।

आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम शिक्षकों को अपने शैक्षणिक अनुभव साझा करने, प्रभावी शिक्षण विधियों और नवाचारों को अपनाने तथा आपसी सहयोग से शिक्षण कार्य को बेहतर बनाने का अवसर प्रदान करता है। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के अच्छे कार्यों को प्रोत्साहित करना, विद्यालयों में सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण विकसित करना और विद्यार्थियों के सीखने के स्तर में सुधार लाना है। जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों की सक्रिय भूमिका और नवाचारपूर्ण प्रयास महत्वपूर्ण हैं। उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान न केवल उनके समर्पण और मेहनत को पहचान देता है, बल्कि अन्य शिक्षकों को भी बेहतर शिक्षण कार्य के लिए प्रेरित करता है। इस प्रकार की पहल से जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रयासों को नई दिशा और गति मिलने की उम्मीद है।

# लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस का संकल्प, निकाली वोट बचाओ देश बचाओ रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

लोकतंत्र की रक्षा, संविधान के सम्मान और मताधिकार की सुरक्षा के लिए कांग्रेस ने संकल्प दोहराया। ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी की उपस्थिति एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल कर्मा की अध्यक्षता में वोट बचाओ - देश बचाओ अभियान के तहत रैली निकालकर अनुविभागीय दंडाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने एकजुट होकर लोकतंत्र की रक्षा, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा के लिए



आवाज बुलंद की। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए जनता के वोट की ताकत और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संदेश दिया। कांग्रेस पार्टी का मानना है कि मतदान का अधिकार लोकतंत्र की आत्मा है। प्रत्येक नागरिक का वोट देश के भविष्य को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए मतदाता सूची की पारदर्शिता, निष्पक्ष चुनाव और मताधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है। इसी उद्देश्य को लेकर कांग्रेस जनता के अधिकारों की आवाज बनकर मैदान में उतरी है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, सरपंच सोभि पोयाम, सोना कश्यप, पूजा जैन, स्नेहा पिल्लै, जिला महामंत्री रविश सुराना, जिला सचिव रजत दहिया, ब्लॉक उपाध्यक्ष सुनील, सेक्टर अध्यक्ष नरेंद्र सुराना, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष आसिफ रजा, मीडिया प्रभारी ऋषभ सुराना, हर्ष लोढ़ा, मड्डाराम वेक, लखमू राम, संगीत यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेसजनों ने संकल्प दोहराया कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

# फसल नुकसान का सर्वे कर किसानों को दें मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

## कर्ज के बोझ तले दबे अन्नदाताओं को राहत देने की मांग

जिले में धान की फसल प्रभावित होने की आशंका के बीच किसानों की समस्याओं को लेकर बस्तरिया राज मोर्चा ने जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। मोर्चा के संयोजक मनीष कुंजाम ने सुकमा, कोंटा और छिंदगढ़ तीनों ब्लॉकों में धान सहित अन्य फसलों की स्थिति का तत्काल सर्वे कराने तथा नुकसान से प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि समय पर राहत नहीं मिलने से पहले से ही आर्थिक दबाव झेल रहे किसानों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं।

■ धान की फसल प्रभावित होने से किसानों की बढ़ी चिंता



### सीधा असर किसानों की आय पर

मोर्चा संयोजक मनीष कुंजाम ने कहा कि किसान देश के अन्नदाता हैं और उनकी आजीविका मुख्य रूप से खेती पर निर्भर है। इसके बावजूद खेती-किसानी आज भी मौसम की अनिश्चितताओं के बीच जोखिम भरा काम बनी हुई है। सुकमा जिले में समय पर बारिश नहीं होने से धान की फसल की बढ़वार प्रभावित होने और बालियों में समय पर फूल नहीं आने की शिकायतें सामने आ रही हैं। यदि फसल की स्थिति में समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो उत्पादन में गिरावट आने की आशंका है। इसका सीधा असर किसानों की आय और उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति पर पड़ सकता है।

### खेती पर निर्भर परिवारों के सामने आर्थिक संकट की आशंका

मोर्चा संयोजक ने कहा कि जिले के अनेक किसान खरीफ सीजन में खेती करने के लिए कर्ज लेते हैं। खाद, बीज, कृषि कार्यों और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं पर खर्च करने के बाद किसानों को उम्मीद रहती है कि धान की अच्छी पैदावार से उनकी लागत निकलेगी और परिवार की जरूरतें पूरी होंगी। लेकिन फसल प्रभावित होने की स्थिति में किसानों के सामने कर्ज चुकाने और आगामी कृषि कार्यों के लिए धन जुटाने का संकट खड़ा हो सकता है। उन्होंने कहा कि किसानों की परेशानी को केवल कृषि उत्पादन में संभावित कमी तक सीमित करके नहीं देखा जाना चाहिए। फसल खराब होने का असर पूरे ग्रामीण अर्थतंत्र पर पड़ता है। किसानों की आमदनी घटने से घरेलू खर्च, बच्चों की पढ़ाई और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह समय रहते जमीनी स्थिति का आकलन करे और जरूरतमंद किसानों को राहत पहुंचाने की दिशा में कार्रवाई करे।


सिद्धिविनायक बच्चों का अस्पताल
अंबेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी मो. 9981321524, 7223011528
'आपके बच्चे का स्वास्थ्य हमारे हाथ'
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ (पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़)
24 घंटे भर्ती सुविधा : एनआईसीयु • आईसीयु • पीडियाट्रिक वार्ड • टीकाकरण • ओपीडी


HEALTH TOWN


न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
डॉ. सी.पी. सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
मां और शिशु का विश्वास
संपर्क करें- 9009553889, 9090204620
पता - एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, मुड़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, मुड़ियारी, रायपुर
उपलब्ध सुविधाएँ-
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श
नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार
TPA की सुविधा


पाइल्स
क्षार सूत्र विशेषज्ञ, 15000 से ऊपर सफल चिकित्सा देश विदेशों में भी प्रचलित।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### यूसीसी पर जागरूकता कार्यक्रम कल होगा

**अंतागढ़।** सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक अंतागढ़ द्वारा 25 अक्टूबर को गोंडवाना भवन नयापारा में समान नागरिक संहिता पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। ब्लॉक अध्यक्ष संतराम सलाम ने बताया कि कार्यक्रम में आदिवासी समाज की रूढ़िगत परंपराओं, विवाह, उत्तराधिकार, भूमि अधिकार, पेसा कानून और पांचवीं अनुसूची पर संभावित प्रभावों पर चर्चा होगी। मुख्य वक्ता अश्वनी कांगे जानकारी देंगे। जिला अध्यक्ष कन्हैया उसेंडी सहित समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। अध्यक्ष ने समाज प्रमुखों एवं युवाओं से शामिल होने की अपील की है।

### कलेक्टर की पहल पर जिले सभी ब्लाकों में हुए जनदर्शन



**कांकेर।** आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और प्रशासन को जनसामान्य के और करीब लाने के उद्देश्य से कलेक्टर कुन्दन कुमार की पहल पर जिले के सभी सातों विकासखंडों में जनदर्शन का आयोजन किया गया। इसके तहत कांकेर, चारामा, नरहरपुर, भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, दुर्गूकोंदल और कोयलीबेड़ा में आम नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी गईं। जनदर्शन के माध्यम से नागरिकों को अपनी समस्याओं और मांगों को प्रशासन के समक्ष रखने के लिए स्थानीय स्तर पर ही मंच उपलब्ध कराया गया। इससे लोगों को अपनी शिकायतों के निराकरण के लिए जिला मुख्यालय तक आने की आवश्यकता कम होगी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों से सीधे संवाद कर अपनी समस्याएं रखने में सुविधा मिलेगी। विकासखंड मुख्यालयों में आयोजित जनदर्शन में संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए गए। अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण कर पात्रतानुसार त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा लंबित प्रकरणों पर समय-सीमा में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर कुन्दन कुमार की इस पहल का उद्देश्य प्रशासनिक सेवाओं को आम नागरिकों के और करीब पहुंचाना, शिकायतों के निराकरण में तेजी लाना तथा शासकीय योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। स्थानीय स्तर पर जनदर्शन आयोजित होने से नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सुगम और सुलभ मंच उपलब्ध हो रहा है।

### हैंडबॉल स्पर्धा में दिलीप का चयन

**लोहंडीगुड़ा।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, लोहंडीगुड़ा के छात्र दिलीप मंडावी का चयन 70वीं राष्ट्रीय शालेय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी के रूप में हुआ है। प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 31 अक्टूबर तक मध्यप्रदेश के उमरिया में किया जाएगा।
इससे पहले खिलाड़ियों के लिए 23 से 25 अक्टूबर तक कोचिंग कैंप आयोजित किया जा रहा है।

# बैगलेस दिवस पर आमागढ़ स्कूल में हुआ योग एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

**89 विद्यार्थियों और 11 शिक्षक कार्य में हुए शामिल**

बैगलेस दिवस के अवसर पर शनिवार को विद्यालय आमागढ़ में फिट इंडिया एवं नशामुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों को साकार करने के लिए योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 89 विद्यार्थियों और 11 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान विभिन्न योगासनों, प्राणायाम, ध्यान एवं स्वास्थ्य संबंधी अभ्यासों के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के व्याख्याता ने किया। वे राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर एवं योगासन स्पोर्ट्स के राष्ट्रीय निर्णायक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों और शिक्षकों को ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, त्रिकोणासन एवं अर्द्धचक्रासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। इसके साथ ही 15 सेकंड की ताली, अग्न्याशय (पैंक्रियाज), हृदय, फेफड़े, उदर एवं तिल्ली से संबंधित जागरूकता गतिविधियों तथा सात कुंडलिनी जागरण के अभ्यास भी कराए गए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि याददाश्त तेज करने का कोई जादुई मंत्र नहीं है, बल्कि नियमित अभ्यास, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली ही इसका आधार है, जिस प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम और योग आवश्यक हैं, उसी प्रकार मस्तिष्क को सक्रिय, शांत और एकाग्र बनाए रखने के लिए योग, प्राणायाम, ध्यान एवं आसनों का नियमित अभ्यास महत्वपूर्ण है।



**सराहनीय योगदान**

*इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य उदे राम भुआर्य, सबल दीवान, विनोद साहू, बृजेश साहू, रामनाथ गोटा, सुरेंद्र उइके, ममता रावटे, अनिल वर्मा, आत्मा राम तारमे, भुनेश उसेंडी एवं रुद्र कुमार निषाद सहित विद्यालय के अन्य सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा।*

## स्पर्धा : कबड्डी में आध्या टाइटंस उपविजेता बना

# राज्य प्रो-कबड्डी प्रतियोगिता में गोंडवाना योद्धाओं का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

जिले के ग्राम गुरवंडी में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय प्रो-कबड्डी प्रीमियर लीग गुरवंडी-केपीएल 2026 का 23 अक्टूबर को उत्साहपूर्ण माहौल में समापन हुआ। 21 से 23 अक्टूबर तक चली तीन दिवसीय प्रतियोगिता में गोण्डवाना योद्धा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। वहीं आध्या टाइटंस उपविजेता रही। गोंडवाना धुरंधर ने तीसरा और गोण्डवाना वॉरियर्स ने चौथा स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने दमदार रेड, मजबूत रक्षा और बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन किया। मैदान में टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। खिलाड़ियों के शानदार खेल ने दर्शकों में उत्साह बनाए रखा। गोण्डवाना योद्धा ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। गुरवंडी केपीएल 2026 के आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण अंचल में कबड्डी को बढ़ावा देना और युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ना रहा। ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। साथ ही युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर समिति ने अतिथियों, कबड्डी संघ के पदाधिकारियों, अंपायरों, टीम मालिकों, खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजन ने क्षेत्र में कबड्डी के प्रति उत्साह और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत चारामा के उपाध्यक्ष ठाकुरराम कश्यप व अध्यक्षता ग्राम पंचायत मंगहूर की सरपंच फुलेश्वरी मानिक कड़ियाम ने किया एवं विशिष्ट अतिथियों में दिनेश शाह मंडावी, लक्ष्मण दुग्गा, धनसाय दुग्गा, सत्तेर दुग्गा, मनीराम गोटा, शिवप्रसाद कोवाची, नागसाय तुलावी और बिसेन पुड़ो सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



# वीडियो कॉल पर नाबालिग से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



नाबालिग बालिका से छेड़छाड़ करने, इंस्टाग्राम वीडियो कॉल के दौरान अश्लील वीडियो दिखाने और घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में कांकेर पुलिस ने 32 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 24 अक्टूबर को प्रार्थिया ने थाना सिटी कोतवाली कांकेर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में आरोप लगाया गया कि राजापारा निवासी जीतपाल सिंह उर्फ बिट्टू बडगुजरा ने उसकी नाबालिग बेटी को इंस्टाग्राम वीडियो कॉल के दौरान अश्लील वीडियो दिखाया और उसके साथ छेड़छाड़ की। घटना के संबंध में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने टीम गठित कर उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर आरोपी के निवास स्थान राजापारा कांकेर में दबिश देकर उसे अभिरक्षा में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना में संलिप्तता स्वीकार की। इसके बाद 24 अक्टूबर को उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र साहू, उपनिरीक्षक मनोरथ जोशी, महिला आरक्षक हितेश्वरी चेलक, प्रधान आरक्षक गितेश्वर कुलदीप, आरक्षक रामूराम जुर्री, आरक्षक अनिल मरकाम, महिला आरक्षक गणेश्वरी कोडोपी तथा पेट्रोलिंग टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में अपराध दर्ज**

*प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली कांकेर में अपराध क्रमांक 370/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 74, 75(2), 78(2), 351(3) तथा पॉक्सो अधिनियम की धारा 8 एवं 12 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई।*

**राजापारा में दबिश देकर आरोपी को पकड़ा**

*मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक उत्तर बस्तर कांकेर निखिल अशोक कुमार राखेचा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस हरीश पाटील के पर्यवेक्षण में आरोपी की पतासाजी के लिए उपनिरीक्षक मनोरथ जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई।*

## भैराडीह-डोंगरीपारा-कोरर मार्ग का डामरीकरण चार साल से अधर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ धनेलीकन्हार

कांकेर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत भैराडीह से डोंगरीपारा कोरर होते हुए भानुप्रतापपुर जाने वाला लगभग 5 किमी लंबा सड़क मार्ग पिछले चार वर्षों से अधूरा पड़ा है। सड़क निर्माण का कार्य शुरू होने के बाद गिट्टी बिछाकर छोड़ दिया गया, लेकिन अब तक डामरीकरण नहीं हो सका है। निर्माण कार्य बंद होने से ग्रामीणों और राहगीरों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार करीब चार वर्ष पहले इस सड़क के डामरीकरण का कार्य शुरू किया गया था। उस समय उम्मीद जगी थी कि जल्द ही सड़क का निर्माण पूरा होगा और आवागमन सुगम हो जाएगा, लेकिन चार साल बीत जाने के बाद भी सड़क पर डामर नहीं बिछाया गया है। गिट्टी बिछी सड़क पर चलने के दौरान वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं, अधूरे निर्माण के कारण सड़क का समुचित लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। जानकारी के अनुसार सड़क मार्ग पर करीब 16 छोटे पुल-पुलियों का निर्माण किया जाना था। इनमें से अधिकांश का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि एक पुलिया का काम अब भी अधूरा बताया जा रहा है। पुल-पुलियों के निर्माण के बावजूद सड़क का डामरीकरण पूरा नहीं होने से ग्रामीणों की परेशानी बनी हुई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर सड़क निर्माण का कार्य कब पूरा होगा और लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा कब मिलेगी। सड़क निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड नहीं लगा होना भी चर्चा का विषय है। बोर्ड नहीं होने के कारण ग्रामीणों को निर्माण कार्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां नहीं मिल पा रही हैं। सड़क किस विभाग के अंतर्गत बनाई जा रही है, निर्माण की स्वीकृत लागत कितनी है, ठेकेदार कौन है और कार्य पूरा करने की समय-सीमा क्या निर्धारित की गई थी, इसकी जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं है। सूचना बोर्ड के अभाव में ग्रामीणों को अपनी शिकायत संबंधित विभाग तक पहुंचाने में भी परेशानी हो रही है। निर्माण कार्य की स्थिति और देरी के कारणों को लेकर भी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ रही है। चार वर्षों से अधूरी पड़ी सड़क और सूचना बोर्ड की अनुपस्थिति ने निर्माण कार्य की प्रगति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों को उम्मीद है कि संबंधित विभाग मामले को गंभीरता से लेते हुए सड़क निर्माण कार्य दोबारा शुरू कराएगा। साथ ही, निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड लगाकर कार्य की लागत, संबंधित विभाग और निर्धारित समय-सीमा की जानकारी सार्वजनिक की जाएगी।

## भारत यूथ पार्लियामेंट 28 को 3 युवक दिल्ली रखेंगे विचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

- विधानसभा में भी विचार रखने का मिलेगा अवसर

जिले के युवाओं को अपनी प्रतिभा, तार्किक क्षमता और नेतृत्व कौशल प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिलने जा रहा है। विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2027 के अंतर्गत 28 अक्टूबर को भानुप्रताप देव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कांकेर में जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ विधानसभा में अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। वहीं, राज्य स्तर पर चयनित तीन युवा संसद भवन, नई दिल्ली में विचार रखेंगे। प्रतियोगिता का मुख्य विषय एक राष्ट्र, एक चुनाव निर्धारित किया गया है। प्रतिभागियों को इस विषय पर अपने विचार तर्कों और तथ्यों के साथ प्रस्तुत करने होंगे। भाषण के लिए प्रत्येक प्रतिभागी को तीन मिनट का समय दिया जाएगा। प्रतियोगिता में हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में भाषण देने की अनुमति होगी। इसमें भाग लेने के लिए युवाओं की आयु 17 अगस्त 2026 की स्थिति में 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। पिछले वर्षों में राष्ट्रीय स्तर के दौर के फाइनलिस्ट इसमें भाग लेने के पात्र नहीं होंगे। प्रतिभागियों को पंजीकरण के दौरान सही जानकारी देना और पहचान-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता में निर्धारित नियमों का पालन करने के साथ अन्य वक्ताओं के विचारों का सम्मान करना भी आवश्यक रहेगा। विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय परंपराओं और राष्ट्रीय मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह मंच युवाओं को अपने विचार प्रभावी ढंग से रखने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर प्रदान करता है। कांकेर जिले के युवाओं के लिए यह आयोजन जिला स्तर से राज्य और राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का महत्वपूर्ण अवसर है। प्रतियोगिता के माध्यम से युवा राष्ट्रीय विषयों पर अपनी समझ प्रदर्शित कर सकेंगे और लोकतांत्रिक संवाद में सहभागिता निभा सकेंगे।

## किसानों की मांगों पर 27 को महानदी भवन का घेराव

**बासनवाही।** भारतीय किसान संघ जिला कांकेर के संगठनात्मक पुनर्गठन के तहत युवा कृषक संदीप द्विवेदी को सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। उनके निर्विरोध चयन के बाद संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। प्रदेश अध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर की सहमति से उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। संदीप द्विवेदी पूर्व में प्रदेश अध्यक्ष प्रेरक संघ के रूप में दायित्व निभा चुके हैं। इसके अलावा वे अनियमित कर्मचारी महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। किसान हितों के प्रति उनके समर्पण को देखते हुए संगठन ने उन्हें जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार नागेश को उनके अनुभव को देखते हुए प्रदेश महामंत्री एवं जिला प्रभारी का दायित्व दिया गया है। भारतीय किसान संघ जिला कांकेर की नई कार्यकारिणी में संदीप द्विवेदी को जिला अध्यक्ष, सुमित दास को जिला महामंत्री, चंद्रशेखर साहू को जिला कोषाध्यक्ष और देव प्रसाद निषाद को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह निर्मला भास्कर को महिला प्रमुख, हृदय राम शोरी को विद्युत आयाम प्रमुख तथा बिषण लाल पटेल को विपणन प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही कांकेर तहसील इकाई का भी गठन किया गया है। इसमें चुन्नीलाल नाग को तहसील अध्यक्ष और महावीर उसेंडी को तहसील उपाध्यक्ष बनाया गया है। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं और 10 सूत्रीय मांगों को लेकर 27 अक्टूबर को महानदी भवन का घेराव करते हुए प्रदेशव्यापी आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। संगठन ने किसानों से आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर अपनी मांगों को मजबूती से उठाने की अपील की है।



## पैरालीगल वॉलंटियर्स को साइबर ठगी से बचाव का मिला प्रशिक्षण

**कांकेर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कांकेर के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय कांकेर में पैरालीगल वॉलंटियर्स के लिए साइबर अपराध एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पुलिस विभाग के साइबर सेल के विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया से जुड़े अपराध, सिम स्वैप, सिम सस्पेंड, टू-स्टेप वेरिफिकेशन तथा बैंकिंग संबंधी साइबर धोखाधड़ी के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से बताया और साथ ही बैंक खाते, एटीएम, यूपीआई एवं ओटीपी को सुरक्षित रखने, संदिग्ध कॉल और लिंक से सतर्क रहने तथा अपनी व्यक्तिगत एवं बैंकिंग संबंधी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नहीं करने की सलाह दी गई। सोशल मीडिया खातों को सुरक्षित रखने के उपायों की जानकारी भी दी गई। विशेषज्ञों ने साइबर ठगी का शिकार होने की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने तथा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पैरालीगल वॉलंटियर्स को साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति जागरूक और प्रशिक्षित करना है, ताकि वे आम नागरिकों तक साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी पहुंचाकर उन्हें संभावित ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए जागरूक कर सकें।



## मिठाई और मूर्ति और पटाखा दुकानों पर उमड़ी भीड़

# परलकोट में मां लक्ष्मी पूजा की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर

बंगाली बाहुल्य नगर पखांजूर में शारदीय लक्ष्मी पूजा को लेकर उत्साह का माहौल है। रविवार को होने वाली मां लक्ष्मी की पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं। नगर के मुख्य बाजार, पुराना बाजार और परलकोट रोड सहित प्रमुख क्षेत्रों में रौनक बढ़ गई है। बाजार में खरीदारों की भीड़ देखकर दीपावली जैसा माहौल नजर आ रहा है।

- बाजार में रौनक

लक्ष्मी पूजा को लेकर मिठाई दुकानों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है। रसगुल्ला, चमचम, पंतुआ, राजभोग, लड्डू और काजू कतली जैसी मिठाइयों की मांग बढ़ गई है। दुकानदार देर रात तक मिठाइयां तैयार करने में जुटे हैं। बंगाली परंपरा में लक्ष्मी पूजा के दौरान मिठाइयों का विशेष महत्व है। तहसील पारा चौक में मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं का बाजार आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। स्थानीय और कोलकाता से आए मूर्तिकारों ने आकर्षक प्रतिमाएं तैयार की हैं। दो से पांच फीट तक की मूर्तियां 800 से 10 हजार रुपये तक में उपलब्ध हैं।



**200 से अधिक प्रतिमाएं तैयार की**

*मूर्तिकार कार्तिक मंडल के अनुसार, इस बार 200 से अधिक प्रतिमाएं तैयार की गई हैं। परलकोट के पटाखा बाजार में फुलझड़ी, अनार, चकरी और अन्य पटाखों की खरीदारी हो रही है। व्यापारी बच्चों के लिए आकर्षक फैंसी पटाखों की बढ़ती मांग बता रहे हैं। वहीं, प्रशासन के निर्देशों के अनुरूप ग्रीन पटाखों को प्राथमिकता देने की बात कही जा रही है। नगर के विभिन्न पूजा पंडालों में सजावट और रोशनी का काम अंतिम चरण में है। प्रतिमा स्थापना के साथ पूजा-अर्चना और पारंपरिक धार्मिक आयोजनों की तैयारियां की जा रही हैं। मां लक्ष्मी की आराधना को लेकर पूरे परलकोट क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है।*

### प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के लिए 30 तक मौका

**कांकेर।** मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए पात्र विद्यार्थियों से 30 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना का उद्देश्य छत्तीसगढ़ के प्रतिभावान एवं निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एआईआईएमएस, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, नीट, आईआईआईटी में चयन एवं प्रवेश के उपरांत तात्कालिक सहायता उपलब्ध कराना है।

